**आज का दिन** 1940 में बाल कार्टून चरित्र बग्स बनी की पहली लघु एनीमेटेड फिल्म 'अ वाइल्ड हेयर' लॉन्च की गई।



## कुलभूषण को 19 जुलाई से पहले लाहौर में रखा गया था

# जाधव को पाक में अज्ञात जगह पर भेजा गया

**नापाक हरकत**

नई दिल्ली | पंकज कुमार पाण्डेय


अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) के फैसले के बाद भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव को पाकिस्तानी एजेंसियों ने 19 जुलाई को किसी अज्ञात जगह पर भेज दिया है। खुफिया एजेंसियों को मिले इनपुट के मुताबिक, लाहौर में जिस स्थान पर जाधव को रखा गया था अब उसे वहां से हटा दिया गया है।

लोकेशन बदलने के खुफिया इनपुट को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। माना जा रहा है कि पाकिस्तान जाधव के लिए काउंसलर एक्सेस देने से पहले उसको ऐसी किसी जगह पर भेज सकता है जहां वह उसे बेहतर हालात में रखने का दावा कर सके। फिलहाल अभी तक पाकिस्तान ने काउंसलर एक्सेस नहीं दिया है। इस मामले पर दोनों देशों में कूटनीतिक स्तर पर बातचीत चल रही है। भारत वियना कन्वेंशन के तहत काउंसलर एक्सेस देने की बात कर रहा है। पाकिस्तान अपनी कानूनी शर्तों पर भारत को काउंसलर एक्सेस देना चाहता है।

विदेश मंत्रालय ने आईसीजे के फैसले के बाद पाकिस्तान से तुरंत काउंसलर एक्सेस देने की मांग की थी। भारत का कहना है कि आईसीजे का जो फैसला हुआ था, वह हमारे पक्ष में हुआ है। इसलिए जाधव को पूर्ण काउंसलर एक्ससेस मिले और जल्द मिले। यह आईसीजे के फैसले के अंतर्गत और वियना कन्वेंशन के अंतर्गत मिले। सूत्रों ने कहा कि बातचीत चल रही है। भारत ने अपनी मांगों से पाकिस्तान को अवगत करा दिया है।

**पहले पाकिस्तान ने की थी गड़बड़ी:** दिसंबर 2017 में जब पाकिस्तान ने जाधव की मां और पत्नी को उनसे मुलाकात करने की इजाजत दी थी तब भी जाधव के जख्म छुपाने की कोशिश की गई थी।

### बेहतर हालात में दिखाने का प्रयास



खुफिया सूत्रों ने कहा, काउंसलर एक्सेस से पहले कुलभूषण जाधव को किसी सब जेल में रखा जा सकता है, जहां लाहौर से बेहतर हालात हों और पाक इस बात का दिखावा कर सके कि उसने जाधव को अच्छी सुविधाएं मुहैया कराई हैं। वहीं एजेंसियों को यह आशंका भी है कि काउंसलर एक्सेस देने से पहले पाक की ये कोशिश भ होगी कि जाधव की सेहत में कुछ सुधार हो सके। जिससे यह पता चले कि उसे पाकिस्तान में मानवाधिकारों का ख्याल रखते हुए बेहतर तरीके से रखा गया।

## 'पाक का आर्थिक प्रबंधन बेहद खराब'

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के तीन दिवसीय अमेरिकी दौरे से लौटते ही विश्व बैंक ने पाकिस्तान को एक और झटका दे दिया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, विश्व बैंक की रिपोर्ट में आर्थिक प्रबंधन के सभी 31 पैमानों पर पाक की रैंकिंग गिर गई है। पाकिस्तानी समाचार पत्र 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के मुताबिक, विश्व बैंक की ड्राफ्ट रिपोर्ट में आर्थिक प्रबंधन के सभी 31 पैमानों पर पाक की रैंकिंग गिर गई है। विश्व बैंक के मूल्यांकन में पाक सरकार के बजट ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है और उसका वित्तीय प्रबंधन असफल करार दिया गया है।

# दो बच्चों की मौत मामले में आसाराम को क्लीन चिट

**राहत**

गांधीनगर | एजेंसियां



न्यायमूर्ति डीके त्रिवेदी आयोग ने कथावाचक आसाराम और उसके बेटे नारायण साई को उनके द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले दो बच्चों की मौत के मामले में क्लीन चिट दे दी है। जुलाई 2008 में हुई इस घटना की जांच आयोग को सौंपी गई थी।

न्यायमूर्ति डीके त्रिवेदी आयोग आयोग द्वारा 2013 में राज्य सरकार को सौंपी गई रिपोर्ट शुक्रवार को गुजरात विधानसभा में पेश की गई। आयोग ने हालांकि कहा कि आवासीय स्कूल से दो बच्चों का लापता होना प्रबंधन की लापरवाही को दर्शाता है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

## वर्ल्ड राउंडअप

### भारत के साथ संबंध अधिक मजबूत हो रहे

**वॉशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिका व भारत के बीच संबंध अच्छे हैं और ये संबंध अधिक मजबूत हो रहे हैं। दूसरी ओर, अमेरिका ने इमरान के दौरे के संबंध में कहा कि अब समय पाकिस्तान द्वारा किए गए वादों को पूरा करने का है। व्हाइट हाउस के सलाहकार केलियाने कॉनवे ने शुक्रवार को यह बात कही। वह बोले कि हमारे संबंध प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार के साथ बहुत अच्छे हैं।

### तुलसी गबार्ड ने गूगल पर 344 करोड़ का केस किया

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति उम्मीदवार की प्रबल दावेदार और पहली महिला हिंदू सांसद तुलसी गबार्ड ने सूचना-प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी गूगल के खिलाफ कम से कम पांच करोड़ डॉलर (344 करोड़ रुपये) का मुकदमा दर्ज कराया है। तुलसी का आरोप है कि 2020 के उनके राष्ट्रपति चुनाव प्रचार अभियान के साथ गूगल ने भेदभाव किया और उनकी अभिव्यक्ति की आजादी को बाधित किया।

# अक्षरधाम हमले का मुख्य षड्यंत्रकर्ता गिरफ्तार

**गांधीनगर।** गुजरात के अक्षरधाम मंदिर पर 2002 में हुए हमले के कथित मुख्य षड्यंत्रकर्ता मोहम्मद यासीन भट को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि उसे गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग से गिरफ्तार किया है। गुजरात गृह विभाग ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उसे एक गुप्त सूचना के आधार पर पकड़ा गया कि वह जम्मू-कश्मीर लौट आया है। वह अनंतनाग में लकड़ी की फैक्टरी में काम कर रहा था। विज्ञप्ति में बताया गया कि स्थानीय पुलिस की मदद से गिरफ्तारी की गई। साथ ही बताया गया कि वहां की अदालत से ट्रांजिट रिमांड की इजाजत मिलने के बाद एटीएस शुक्रवार की शाम भट के साथ अहमदाबाद हवाईअड्डे पहुंची।

दिल्ली जल बोर्ड: राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
कार्यालय अधिशासी अभियंता (पश्चिम)-II
डी-ब्लॉक, मोती नगर, नई दिल्ली - 110015
प्रेस नि.आ.सू. सं.: 24/पश्चिम-II/(2019-20)

| क्र. सं. | कार्य का नाम | निविदा मूल्य | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | ई-प्रापण समाधान में निविदा जारी करने की तिथि | ई-प्रापण समाधान द्वारा निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ईई (पश्चिम)-II के अधीन मादीपुर एसी-26 में स्वयं सिद्ध कॉलोनी में 250 मि.मी. व्यास की सीवर लाइन प्रदान करना/बिछाना। निविदा आई डी: 2019_DJB_176958_1 | 35,01,134.00 | 70,500.00 | 500.00 | 24.07.2019 | 08.08.2019 को अप. 3.00 बजे तक |
| 2. | ईई (पश्चिम)-II के अधीन स्वयं सिद्ध कॉलोनी मादीपुर एसी-26 में जलापूर्ति के सुधार के लिए 100/80/50 मि.मी. व्यास की क्षतिग्रस्त जल लाइन को बदलकर 100 मी. व्यास की डीआई जल लाइन को बदलना/प्रदान करना और बिछाना। निविदा आई डी: 2019_DJB_176958_2 | 32,67,986.00 | 65,500.00 | 500.00 | 24.07.2019 | 08.08.2019 को अप. 3.00 बजे तक |

इस संबंध में अन्य विवरण http://govtprocurement.delhi.gov.in पर देख सकते हैं।
ज.सं.अधि. (जल) द्वारा जारी
विज्ञा.सं. ज.सं.वि. 209/2019-20
ह0/- अधिशासी अभियंता (पश्चिम)-II

# इनकार: हाईकोर्टजज के खिलाफ याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस आरके गौतम के खिलाफ याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया हैं जिसमें उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, हम ऐसी याचिका पर विचार नहीं करेंगे। हम सेशन जज को परेशान करने की अनुमति नहीं दे सकते। यह कहकर याचिका खारिज कर दी। याचिका मेरठ के कुछ वकीलों ने दायर की थी जिसमें उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें आरके गौतम को क्लीन चिट दी गई थी।

# डॉक्टरों की कमी भी क्या हम पूरी करें

**सुप्रीम सवाल**

नई दिल्ली | एजेंसियां

उत्तर बिहार के मुजफ्फरपुर चमकी बुखार को लेकर दाखिल याचिका का निस्तारण करते हुए शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने कहा, क्या आप चाहते है कि डॉक्टरों की कमी भी हम ही पूरी करें? कोर्ट ने कहा, ये राज्य सरकार का काम है। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा, 'हमारे यहां तो जजों के भी पद खाली हैं। इस समय हम कोर्ट में जजों की कमी को भर रहे हैं। लेकिन हम ही जानते है कि हमें कितनी सफलता मिली है। हम डॉक्टरों के मामले में ऐसा नहीं कर सकते।' मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता वकील मनोहर प्रताप ने शीर्ष अदालत में कहा कि बिहार में डॉक्टरों के स्वीकृत पदों में से 57 फीसदी खाली हैं। जिसके कारण लोगों को समुचित उपचार नहीं मिल पा रहा है। इसलिए खाली पदों को भरने के लिए वह राज्य सरकार को निर्देश दे।

मुख्य न्यायाधीश जस्टिस रंजन गोगोई और जस्टिस दीपक गुप्ता की बेंच ने याचिका की सुनवाई करते हुए कहा कि कमी तो हर जगह है। जज, शिक्षक, पानी, सूर्य की रोशनी सब कुछ की किल्लत है।

# फिर कारगिल जैसी हिमाकत महंगी पड़ेगी: रावत

**चेतावनी**

द्रास | एजेंसी

सेना प्रमुख बिपिन रावत ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि अगर पड़ोसी मुल्क ने कारगिल जैसा दुस्साहस दोबारा किया तो इस बार उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

कारगिल विजय दिवस की 20वीं वर्षगांठ पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद शुक्रवार को जनरल रावत ने पाक को कारगिल जैसा दुस्साहस नहीं करने की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि वह कश्मीर मुद्दे को जीवंत बनाए रखना चाहता है, इसीलिए हताशा भरे कदम उठा रहा है। मैं कहना चाहता हूं कि सेना को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है वह कितना भी कठिन क्यों न हो सेना हर हाल में पूरा करेगी।

कश्मीर में छद्म युद्ध की आशंका व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि सेना को आधुनिक निगरानी उपकरणों से लैस करने के साथ ही आतंकियों को समर्थन देने वाले लोगों पर भी नकेल कसने की जरूरत है। गौरतलब है कि वर्ष 1999 में पाक सेना ने आतंकवादियों के साथ कर मिलकर कारगिल की पहाड़ी चोटियों पर कब्जा कर लिया था। हर वर्ष 26 जुलाई का दिन कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है।



श्रीनगर स्थित युद्ध स्मारक पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद।



द्रास में विजय दिवस के मौके पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देते सेना प्रमुख बिपिन रावत व अन्य। • एएनआई

### राष्ट्रपति कोविंद ने जवानों को दी श्रद्धांजलि

**श्रीनगर।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को शहीद जवानों को कश्मीर की बदामी बाग छावनी में सेना के 15वें कोर मुख्यालय में युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति को सुबह द्रास युद्ध स्मारक में एक समारोह में भाग लेना था, लेकिन खराब मौसम के कारण वह वहां जा नहीं सके थे।

### प्रधानमंत्री मोदी ने शहीदों को सलाम किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1999 के युद्ध में लड़ने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ट्वीट किया कि कारगिल विजय दिवस पर मां भारती के सभी वीर सपूतों का मैं हृदय से वंदन करता हूं। यह दिवस हमें अपने सैनिकों के साहस, शौर्य और समर्पण की याद दिलाता है।

**निविदा सूचना**

प्रा. वि. शाहपुरदेव, ब्लाक शाहबाद, जनपद रामपुर उ.प्र.

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि प्रा.वि. शाहपुरदेव क्षेत्र शाहबाद जनपद रामपुर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की ड्रेस आपूर्ति हेतु सीलबन्द निविदा आमंत्रित किये जाते हैं जो दिनांक 29/07/2019 अपराह्न 12:30 तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें 30/07/2019 को पूर्वाह्न 11:30 बजे खोली जायेगी। विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं की संख्या लगभग 225 हैं।

अध्यक्ष/सचिव
प्राथमिक विद्यालय शाहपुरदेव, क्षेत्र शाहबाद, जिला रामपुर

**निविदा सूचना**

प्राथमिक विद्यालय उमरी विकास क्षेत्र व जनपद मुरादाबाद में अनुमानित छात्र संख्या 215 छात्र/ छात्राओं हेतु प्रत्येक छात्र/छात्रा दो सैट यूनिफार्म का कपड़ा क्रय एवं सिलाई हेतु रजिस्टर्ड फर्मों से दिनांक 29.07.2019 तक टेंडर आमंत्रित किये जाते हैं। टेंडर दिनांक 30.07.2019 को प्रातः 10.00 बजे खोले जायेंगे।

अध्यक्ष विद्यालय प्रबंध समिति प्रा.वि. उमरी
प्रधानाध्यापक/सचिव विद्यालय प्रबंध समिति प्रा.वि. उमरी

## घोटाले में 67 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को कहा कि हरियाणा के मानेसर में वरिष्ठ सरकारी पदाधिकारियों और नौकरशाहों की मिलीभगत से जमीन के अवैध अधिग्रहण से जुड़े धनशोधन मामले में उसने करीब 67 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। प्रवर्तन निदेशालय ने एक बयान में कहा, कुर्क की गई संपत्ति में गुरुग्राम में महामाया एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड की 14.56 एकड़ जमीन (कीमत 43.54 करोड़), अन्य आरोपियों की चार एकड़ जमीन और 23.03 करोड़ रुपये की बैंक में जमा रकम शामिल है। इसमें कहा गया कि कुर्क की गई कुल संपत्ति का मूल्य करीब 66.57 करोड़ रुपये है। कुछ किसानों और भू-स्वामियों ने आरोप लगाया कि इस मामले में उनके साथ करीब 1500 करोड़ का धोखा हुआ है।

**Jubilant Life Sciences Limited**

Regd. Off.: Bhartiagram, Gajraula, District Amroha - 244 223 (U.P.) | CIN : L24116UP1978PLC004624
Website: www.jubl.com | Email: investors@jubl.com | Tel: +91-5924-267200

**Extract of Consolidated Unaudited Results for the Quarter ended 30 June 2019**

(₹ in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|
| | 30 June (Unaudited) 2019 | 31 March (Audited) 2019 | 30 June (Unaudited) 2018 | 31 March (Audited) 2019 |
| Total revenue from operations | 218186 | 238558 | 207865 | 911082 |
| Net Profit before tax, exceptional and extraordinary items | 26903 | 19478 | 30826 | 118404 |
| Net Profit / (loss) before tax (after exceptional and extraordinary items) | 26903 | (3998) | 28637 | 90381 |
| Net Profit / (loss) after tax, exceptional and extraordinary items | 18498 | (10065) | 20037 | 57701 |
| Total comprehensive income (comprising profit/(loss) for the period after tax and other comprehensive income after tax) | 23203 | (8878) | 21402 | 56323 |
| Earnings per share of ₹ 1 each (Not annualized) | | | | |
| Basic (₹) | 11.61 | (6.38) | 13.00 | 36.86 |
| Diluted (₹) | 11.61 | (6.38) | 13.00 | 36.86 |
| Equity share capital | 1593 | 1593 | 1558 | 1593 |
| Reserves (excluding revaluation reserve) | | | | 479299 |

1. The Company has opted to publish consolidated results for the year ended 31 March 2020. The standalone unaudited results are available under Investors section of our website at www.jubl.com and under Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com. Key standalone financial information of the Company is as under:

(₹ in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|
| | 30 June (Unaudited) 2019 | 31 March (Audited) 2019 | 30 June (Unaudited) 2018 | 31 March (Audited) 2019 |
| Total revenue from operations | 78982 | 86512 | 82664 | 343861 |
| Profit before tax | 4732 | 639 | 3345 | 18343 |
| Net profit after tax | 3226 | 744 | 2388 | 14763 |

2. On 1 April 2019, the Group has adopted Ind AS 116 "Leases", using the modified retrospective approach. Accordingly, the comparatives have not been retrospectively adjusted. The adoption of Ind AS 116 did not have any material impact on the consolidated financial results for the quarter ended 30 June 2019.
3. The above consolidated unaudited results were, subjected to limited review by the Statutory Auditors of the Company, reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on 26 July 2019.
4. The above is an extract of the detailed format of the consolidated unaudited results for the quarter ended 30 June 2019 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format for the consolidated unaudited results for the quarter ended 30 June 2019 is available under Investors section of our website at www.jubl.com and under Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com.

For Jubilant Life Sciences Limited

Place : Noida
Date : 26 July 2019

Hari S. Bhartia
Co-Chairman & Managing Director

**कार्यालय जिला सहायक सहकारी निर्वाचन अधिकारी/ सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता, सम्भल।**

पत्रांक–342 / सहकारी निर्वाचन / क्षेत्र अवधारण / 2019–20 दिनांक 26.07.2019

**दुग्ध एवं मत्स्य विभाग की प्रारम्भिक सहकारी समितियों के अनन्तिम निर्वाचन क्षेत्र अवधारण की सूचना**

''उ0प्र0 राज्य सहकारी समिति निर्वाचन नियमावली 2014'' के नियम संख्या 27 व 28 तथा उक्त नियमावली में प्रदत्त समर्थकारी शक्तियों का प्रयोग करते हुए उ0प्र0 सहकारी समिति अधिनियम 1965 की धारा–29 (5) के प्रतिबन्धात्मक के अधीन एतद्द्वारा सहकारिता विभाग की प्रारम्भिक सहकारी समितियों (विशेष प्रकार की) के अनन्तिम निर्वाचन क्षेत्रों का प्रकाशन, उन पर प्रकाशन के दिनांक से 07 (सात) दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आपत्ति आमंत्रण हेतु किया जाता है जिसका निराकरण प्रकाशन के 11 ग्यारहवें दिन जिला सहायक सहकारी निर्वाचन अधिकारी / सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता, सम्भल (विकास खण्ड परिसर पवांसा) के कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी / प्राधिकृत अधिकरी द्वारा प्रातः 10.30 बजे से अपराहन 3.00 बजे तक किया जायेगा।

| क0 सं0 | निर्वाचन क्षेत्र का नाम | निर्वाचन क्षेत्र का विस्तार | पदों की सं0 | आरक्षण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1– देवापुर दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लि0, विकास खण्ड पंवासा | | | | |
| 1 | वार्ड–क | मतदाता कमांक 01 से 04 तक | 1 | अनु0जाति / जनजाति |
| 2 | वार्ड–ख | मतदाता कमांक 05 से 08 तक | 1 | अन्य पिछडा वर्ग |
| 3 | वार्ड–ग | मतदाता कमांक 36 से 38 तक | 1 | महिला |
| 4 | वार्ड–घ | मतदाता कमांक 39 से अन्त तक | 1 | महिला |
| 5 | वार्ड–ड | मतदाता कमांक 09 से 12 तक | 1 | अनारक्षित |
| 6 | वार्ड–च | मतदाता कमांक 13 से 16 तक | 1 | अनारक्षित |
| 7 | वार्ड–छ | मतदाता कमांक 17 से 20 तक | 1 | अनारक्षित |
| 8 | वार्ड–ज | मतदाता कमांक 21 से 24 तक | 1 | अनारक्षित |
| 9 | वार्ड–झ | मतदाता कमांक 25 से 28 तक | 1 | अनारक्षित |
| 10 | वार्ड–ट | मतदाता कमांक 29 से 31 तक | 1 | अनारक्षित |
| 11 | वार्ड–ठ | मतदाता कमांक 32 से 35 तक | 1 | अनारक्षित |
| 2– रमपुरा दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लि0, विकास खण्ड बहजोई | | | | |
| 1 | वार्ड–क | मतदाता कमांक 05 से 08 तक | 1 | अनु0जाति / जनजाति |
| 2 | वार्ड–ख | मतदाता कमांक 29 से 31 तक | 1 | अन्य पिछडा वर्ग |
| 3 | वार्ड–ग | मतदाता कमांक 01 से 04 तक | 1 | महिला |
| 4 | वार्ड–घ | मतदाता कमांक 09 से 12 तक | 1 | महिला |
| 5 | वार्ड–ड | मतदाता कमांक 13 से 16 तक | 1 | अनारक्षित |
| 6 | वार्ड–च | मतदाता कमांक 17 से 20 तक | 1 | अनारक्षित |
| 7 | वार्ड–छ | मतदाता कमांक 21 से 24 तक | 1 | अनारक्षित |
| 8 | वार्ड–ज | मतदाता कमांक 25 से 28 तक | 1 | अनारक्षित |
| 9 | वार्ड–झ | मतदाता कमांक 32 से 35 तक | 1 | अनारक्षित |
| 10 | वार्ड–ट | मतदाता कमांक 36 से 38 तक | 1 | अनारक्षित |
| 11 | वार्ड–ठ | मतदाता कमांक 39 से अन्त तक | 1 | अनारक्षित |
| 3– लखनेटा दुग्ध उत्पादक सहकारी समिति लि0, विकास खण्ड बनियाखेडा | | | | |
| 1 | वार्ड–क | मतदाता कमांक 41 से अन्त तक | 1 | अनु0जाति / जनजाति |
| 2 | वार्ड–ख | मतदाता कमांक 01 से 04 तक | 1 | अन्य पिछडा वर्ग |
| 3 | वार्ड–ग | मतदाता कमांक 05 से 08 तक | 1 | महिला |
| 4 | वार्ड–घ | मतदाता कमांक 09 से 12 तक | 1 | महिला |
| 5 | वार्ड–ड | मतदाता कमांक 13 से 16 तक | 1 | अनारक्षित |
| 6 | वार्ड–च | मतदाता कमांक 17 से 20 तक | 1 | अनारक्षित |
| 7 | वार्ड–छ | मतदाता कमांक 21 से 24 तक | 1 | अनारक्षित |
| 8 | वार्ड–ज | मतदाता कमांक 25 से 28 तक | 1 | अनारक्षित |
| 9 | वार्ड–झ | मतदाता कमांक 29 से 32 तक | 1 | अनारक्षित |
| 10 | वार्ड–ट | मतदाता कमांक 33 से 36 तक | 1 | अनारक्षित |
| 11 | वार्ड–ठ | मतदाता कमांक 37 से 40 तक | 1 | अनारक्षित |
| 4– मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0, फतेहउल्लागंज विकास खण्ड सम्भल | | | | |
| 1 | वार्ड–क | मतदाता कमांक 22 से 24 तक | 1 | अनु0जाति / जनजाति |
| 2 | वार्ड–ख | मतदाता कमांक 01 से 03 तक | 1 | अन्य पिछडा वर्ग |
| 3 | वार्ड–ग | मतदाता कमांक 10 से 12 तक | 1 | महिला |
| 4 | वार्ड–घ | मतदाता कमांक 16 से 18 तक | 1 | महिला |
| 5 | वार्ड–ड | मतदाता कमांक 04 से 06 तक | 1 | अनारक्षित |
| 6 | वार्ड–च | मतदाता कमांक 07 से 09 तक | 1 | अनारक्षित |
| 7 | वार्ड–छ | मतदाता कमांक 13 से 15 तक | 1 | अनारक्षित |
| 8 | वार्ड–ज | मतदाता कमांक 19 से 21 तक | 1 | अनारक्षित |
| 9 | वार्ड–झ | मतदाता कमांक 25 से अन्त तक | 1 | अनारक्षित |
| 5– मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0, असालतपुर जारई विकास खण्ड बनियाखेड़ा | | | | |
| 1 | वार्ड–क | मतदाता कमांक 19 से 21 तक | 1 | अनु0जाति / जनजाति |
| 2 | वार्ड–ख | मतदाता कमांक 01 से 03 तक | 1 | अन्य पिछडा वर्ग |
| 3 | वार्ड–ग | मतदाता कमांक 10 से 12 तक | 1 | महिला |
| 4 | वार्ड–घ | मतदाता कमांक 22 से 24 तक | 1 | महिला |
| 5 | वार्ड–ड | मतदाता कमांक 04 से 06 तक | 1 | अनारक्षित |
| 6 | वार्ड–च | मतदाता कमांक 07 से 09 तक | 1 | अनारक्षित |
| 7 | वार्ड–छ | मतदाता कमांक 13 से 15 तक | 1 | अनारक्षित |
| 8 | वार्ड–ज | मतदाता कमांक 16 से 18 तक | 1 | अनारक्षित |
| 9 | वार्ड–झ | मतदाता कमांक 25 से अन्त तक | 1 | अनारक्षित |

(हरीन्द्र सिंह)
जिला सहायक सहकारी निर्वाचन अधिकारी / सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता, सम्भल।